नईदुनिया

एक कमरे में चल रहा था नकली बीड़ी बनाने का कारखाना

Publish Date: | Thu, 25 Jul 2019 07:14 AM (IST)

भोपाल। नवदुनिया प्रतिनिधि

निशातपुरा पुलिस ने इलाके में एक कमरे में चल रहे नकली बीड़ी के अवैध कारोबार का खुलासा किया है। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वह बीड़ी बनाकर बंडल पर एक नामी कंपनी का रैपर लगाकर बाजार में सप्लाई कर रहा था।

निशातपुरा सीएसपी लोकेश कुमार सिन्हा के मुताबिक मुखबिर से मिली सूचना को तस्दीक कर दानिश नगर स्थित एक मकान पर दबिश दी गई। मकान के एक कमरे में एक व्यक्ति बीड़ी के बंडल पर ब्रांडेड कंपनी का रैपर लगाते मिला। उसे हिरासत में ले लिया गया। तलाशी में पुलिस को मौके से बड़ी संख्या में तैयार बीड़ी, रैपर तथा बीड़ी बनाने की अन्य सामग्री मिली। उसे जब्त कर लिया। आरोपित यावर खान (28)के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

Posted By: **Nai Dunia News Network**

Source: https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/bhopal-yfu-fubhu-b-a-hnt-t-lfue-3065219